This Question Paper consists of 43 questions and 16 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 43 प्रश्न तथा 16 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No. / कोड नं. **68/ESS/1**

SET/सेट **A**

# HOME SCIENCE (Theory)
# गृह-विज्ञान ( सिद्धान्त )
# (321)

Day and Date of Examination :
( परीक्षा का दिन व दिनांक ) ______________________

Signature of Invigilators :
( निरीक्षकों के हस्ताक्षर ) 1. ______________________

2. ______________________

**General Instructions :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. **68/ESS/1-A** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.
6. In case of any doubt or confusion in the question paper, the **English** Version will prevail.

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **68/ESS/1-A** लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।
6. प्रश्नपत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# HOME SCIENCE (Theory)
# गृह-विज्ञान ( सिद्धान्त )
# (321)

**Time : 3 Hours ]** **[ Maximum Marks : 80**

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 80**

**Note :**

(i) This question paper consists of **43** questions in all.
(ii) **All** questions are **compulsory**.
(iii) Marks are given against each question.
(iv) Attempt all questions either from **Optional Module A Housekeeping** or **Optional Module B Creative Hand Embroidery** in all **Sections**.
(v) **Section - A** consists of
  (a) **Q.No. 1** to **16 -** Multiple Choice Type Questions (MCQs) carrying **1** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions.
  (b) **Q.No. 17** to **28 -** Objective Type Questions. Attempt these questions as per the instructions given for each question.
(vi) **Section - B** consists of
  (a) **Q.No. 29** to **37 -** Very Short Answer Type Questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30** to **50** words.
  (b) **Q.No. 38** to **41 -** Short Answer Type Questions carrying **3** marks each to be answered in the range of **50** to **80** words.
  (c) **Q.No. 42** to **43 -** Long Answer Type Questions carrying **5** marks each to be answered in the range of **80** to **120** words.
  (d) **Section B** offers internal choices for some questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **43** प्रश्न हैं।
(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए हैं।
(iv) सभी खण्डों में दिए गए **वैकल्पिक मॉड्यूल A गृह व्यवस्था (Housekeeping)** अथवा **वैकल्पिक मॉड्यूल B रचनात्मक हाथ की कढ़ाई (Creative Hand Embroidery)** के सभी प्रश्नों के उत्तर या तो **वैकल्पिक मॉड्यूल A** अथवा **वैकल्पिक मॉड्यूल B** से दीजिए।
(v) **खण्ड - A** में
  (a) प्रश्न संख्या **1** से **16 -** प्रत्येक **1** अंक वाले बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनिए और लिखिए।
  (b) प्रश्न संख्या **17** से **28 -** वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों का उत्तर, प्रत्येक प्रश्न में दिए गए निर्देश के अनुसार दीजिए।
(vi) **खण्ड - B** में
  (a) प्रश्न संख्या **29** से **37 -** प्रत्येक **2** अंक वाले अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा **30-50** शब्द हैं।
  (b) प्रश्न संख्या **38** से **41 -** प्रत्येक **3** अंक वाले लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न की उत्तर की शब्द सीमा **50-80** शब्द हैं।
  (c) प्रश्न संख्या **42** से **43 -** प्रत्येक **5** अंक वाले दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न की उत्तर की शब्द सीमा **80-120** शब्द हैं।
  (d) **खण्ड B** में, कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन की सुविधा दी गयी है। इस प्रकार के प्रश्नों में से किसी केवल एक प्रश्न का उत्तर देना है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**Note/निर्देश :**

(1) Answers of **all** questions are to be given in the Answer-Book given to you.
**सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this Question Paper. The Question Paper will be distributed at 2 : 15 p.m. From 2 : 15 p.m. to 2 : 30 p.m., the students will read the Question Paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2 : 15 बजे किया जाएगा। 2 : 15 बजे से 2 : 30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

---

## SECTION - A / खण्ड - A

**1.** Mohan has skin rash. His hair has become light in colour and easy to pull. His face, arms and legs look swollen. What deficiency disease do these signs indicate ? **1**

Choose the **correct** option :

(A) Night blindness (B) Anaemia (C) Kwashiorkor (D) Goitre

मोहन की त्वचा पपड़ीदार हो गई है। उसके बाल भूरे हो गए हैं और झड़ने लगे हैं। उसका चेहरा, बाजु एवं पैर सूजे हुए हैं। ये कौन से पोषक तत्व की कमी से होने वाले रोग का संकेत है ?

**सही** विकल्प चुनें।

(A) रतौंधी (B) रक्ताल्पता (C) क्वाशियोर्कर (D) गलगण्ड (गायटर)

**2.** The dietician has suggested Beena to have a diet of dal and vegetables. She has been asked to take six small meals per day and not to eat sugary products. Beena could be suffering from which condition ? **1**

Choose the **correct** option :

(A) Hypertension (B) Jaundice (C) Diabetes (D) Fever

आहार विशेषज्ञ ने बिना को आहार में दाल और सब्जियाँ खाने का सुझाव दिया है। उसे थोड़ी मात्रा में छः बार आहार लेना है और मीठी चीज़ें खाने से मना करा है। बिना किस रोग से पीड़ित हो सकती है ?

**सही** विकल्प चुनें।

(A) उच्च रक्तचाप (B) पीलिया (C) मधुमेह (D) ज्वर

**3.** The study area should be : **1**

(A) close to the kitchen (B) in the recreation area

(C) in the balcony (D) in bedroom

अध्ययन क्षेत्र कहाँ होना चाहिए ?

(A) रसोई के पास (B) मनोरंजन क्षेत्र में

(C) बालकनी में (D) शयनकक्ष में



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

4. Which of these statements highlights the advantages of using micro hydel energy ? **1**

(i) easy to maintain (ii) provides hot water

(iii) generates electricity (iv) conserves forests

(v) do not require heavy investment

Choose the **correct** options :

(A) (i), (iii), (ii) (B) (i), (v), (iv) (C) (i), (iii), (v) (D) (ii), (iv), (v)

निम्नलिखित में से कौन से कथन सूक्ष्म जल ऊर्जा के लाभों को उजागर करते हैं ?

(i) सरल रखरखाव (ii) गर्म पानी देता है

(iii) विद्युत उत्पादन करता है (iv) जंगलों को संरक्षित रखता है

(v) अधिक निवेश की आवश्यकता नहीं होती

**सही** विकल्प चुनें :

(A) (i), (iii), (ii) (B) (i), (v), (iv) (C) (i), (iii), (v) (D) (ii), (iv), (v)

5. Which investment schemes do these statements represent ? **1**

(a) Investor shares both profit and loss of the company.

(b) Provides security against fire and theft.

(c) Company gives a fixed rate of interest at regular intervals.

Choose the **correct** options :

(A) (a) Shares (b) General Insurance (c) Debentures

(B) (a) Debentures (b) Shares (c) General Insurance

(C) (a) General Insurance (b) Debentures (c) Shares

(D) (a) General Insurance (b) Shares (c) Debentures

यह कथन किन निवेश योजनाओं को दर्शाते हैं ?

(a) निवेशक कम्पनी के लाभ और घाटे का साझेदार हो जाता है।

(b) आग और चोरी से सुरक्षा प्रदान करता है

(c) कम्पनी निश्चित अवधि के अंतराल में नियमित ब्याज देती है।

**सही** विकल्प चुनें :

(A) (a) शेयर (b) सामान्य बीमा (c) डिबैन्चर

(B) (a) डिबैन्चर (b) शेयर (c) सामान्य बीमा

(C) (a) सामान्य बीमा (b) डिबैन्चर (c) शेयर

(D) (a) सामान्य बीमा (b) शेयर (c) डिबैन्चर

6. At 11 to 13 years of age, what is the approximate gain in height in girls ? **1**

(A) 12 cms (B) 10 cms (C) 15 cms (D) 20 cms

11-13 वर्ष की आयु में लड़कियों का कद लगभग कितना बढ़ता है ?

(A) 12 से.मी. (B) 10 से.मी. (C) 15 से.मी. (D) 20 से.मी.

7. Activity level in middle childhood is high because : **1**

(A) they eat a lot in this age. (B) their bones are now very strong.

(C) they feel they are now grown up. (D) their school encourages such activities.

मध्य बाल्यावस्था में बच्चे फुर्तीले होते हैं क्योंकि :

(A) वह इस उम्र में बहुत खाते हैं। (B) उनकी अब हड्डियाँ बहुत मजबूत हो जाती हैं।

(C) उनको लगता है कि वह अब बड़े हो गए हैं। (D) उनका स्कूल ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देता है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

8. Which fabric is made by a technique in which fibres are held together by mechanical force, gum and heat ? **1**

(A) Knitting (B) Non-Woven (C) Braid (D) Lace

कौन से वस्त्र की तकनीक में तन्तुओं को यांत्रिक बल, गोंद और ताप से जोड़ा जाता है।

(A) निटिंग (B) नॉन-वोवन (C) ब्रेड (D) लेस

9. Reducing bleaches are suitable for woollen and silken clothes because they : **1**

(A) are cheaper. (B) are easily available.

(C) are less strong in action. (D) do not have a permanent effect.

रिड्यूसिंग ब्लीच, ऊनी व रेशमी कपड़ों के लिए उपयुक्त है, क्योंकि :

(A) वे सस्ते हैं। (B) वे आसानी से उपलब्ध हैं।

(C) वे कम प्रभावशाली होते हैं। (D) वे स्थायी प्रभाव नहीं छोड़ते हैं।

10. **Child A :** Is 8 years old. He has lost his appetite. His nails have become brittle and spoon-shaped. **1**

**Child B :** Is 3 years old. He also lost his appetite and has skin rash.

Identify the deficiency disease A and B are suffering from :

Choose the **correct** option :

(A) Child A and B are suffering from Kwashiorkor.

(B) Child A and B are suffering from Anaemia.

(C) Child A is suffering from Anaemia and Child B is suffering from Kwashiorkor.

(D) Child A is suffering from Kwashiorkor and Child B is suffering from Anaemia.

**बच्चा A :** आठ वर्ष का है। उसे भूख नहीं लगती। उसके नाखुन फटे हुए एवं चम्मच के आकार के हो गए हैं।

**बच्चा B :** तीन वर्ष का है। उसको भी भूख नहीं लगती। उसकी त्वचा खुरदरी हो गई है।

A और B किस पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोग से पीड़ित हैं?

**सही** विकल्प चुनें।

(A) बच्चा A और बच्चा B क्वाशियोर्कर से पीड़ित हैं।

(B) बच्चा A और बच्चा B रक्ताल्पता से पीड़ित हैं।

(C) बच्चा A रक्ताल्पता से पीड़ीत है और B क्वाशियोर्कर से पीड़ित है।

(D) बच्चा A क्वाशियोर्कर और बच्चा B रक्ताल्पता से पीड़ित है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**11.** 1. Supplementary meals **1**

2. Nutrition and Health Education

3. Health check-ups

4. Treatment of minor illnesses

These 4 services are provided by which National Nutrition Programme ?

Choose the **correct** option :

(A) Mid day Meal Programme

(B) ICDS scheme

(C) National Nutritional Anaemia Control Programme

(D) National Control Programme for Prevention of Nutritional Blindness due to Vitamin A deficiency

1. सम्पूरक आहार

2. पोषण व स्वास्थ्य शिक्षा

3. स्वास्थ्य की नियमित जाँच

4. साधारण बीमारियों का इलाज़

यह चार सेवाएँ किस राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम के द्वारा प्रदान की जाती हैं ?

**सही** विकल्प चुनें।

(A) दोपहर का भोजन कार्यक्रम

(B) आई.सी.डी.एस.

(C) राष्ट्रीय पोषण संबंधी अनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम

(D) विटामिन 'ए' की कमी के कारण पोषण संबंधी अंधापन की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय नियंत्रण कार्यक्रम

**12.** How many teeth do children have during middle childhood ? **1**

(A) 28 (B) 32 (C) 20 (D) 24

मध्य बाल्यावस्था के समय बच्चों के कितने दांत होते हैं ?

(A) 28 (B) 32 (C) 20 (D) 24



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**13.** Braille is an aid used to help : **1**

(A) Blind children

(B) Child with hearing impairment

(C) Mentally retarded child

(D) Child with orthopaedic disability

ब्रेल किसको मदद करने के लिए प्रयोग किया जाता है ?

(A) दृष्टिहीन बच्चे

(B) बहरे बच्चे

(C) मानसिक विकलांगता वाले बच्चे

(D) हड्डियों से संबंधित विकलांगता वाले बच्चे

## OPTIONAL MODULE A / वैकल्पिक मॉड्यूल A

## (Housekeeping / गृह व्यवस्था)

**14.** Read the following ingredients : **1**

(i) Linseed oil

(ii) Turpentine

(iii) Vinegar

(iv) Methylated spirit

Which is prepared using these ingredients ?

Choose the **correct** option :

(A) Metal Polish (B) Copper Cleaner (C) Furniture Polish (D) Furniture Cream

निम्नलिखित सामग्रियाँ पढ़ें :

(i) अलसी का तेल

(ii) तारपीन

(iii) सिरका

(iv) मिथाइलेटेड स्पिरिट

इन सामग्री का प्रयोग क्या बनाने में किया जाता है ?

**सही** विकल्प चुनें :

(A) धातु की पॉलिश (B) तांबे की पॉलिश (C) फर्नीचर पॉलिश (D) फर्नीचर क्रीम



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

15. Read the following activities : **1**

(i) Rub the stains with a piece of soft damp cloth.

(ii) Use grease absorber to remove grease stain.

What is cleaned by this method ?

Choose the **correct** option ?

(A) Ceramic tiles (B) Painted Surface

(C) Wall Paper (D) Marble surface

निम्नलिखित गतिविधियाँ पढ़ें :

(i) दाग धब्बों को मुलायम गीले कपड़े से रगड़ें।

(ii) चिकनाई अवशोषकों से चिकनाई का दाग छुड़ाएँ।

इस गतिविधियों से क्या साफ किया जाता है?

**सही** विकल्प चुनें :

(A) चीनी मिट्टी की टाईल (B) पेंट की हुई सतह

(C) वॉलपेपर (D) संगमरमर सतह

16. Read the following steps of maintenance : **1**

(i) Dust and rub with a flannel cloth.

(ii) Remove water marks with methylated spirit.

Which product is maintained with these steps ?

Choose the **correct** option :

(A) Laminated wood (B) Painted wood

(C) Polished wood (D) Plain wood

निम्नलिखित रखरखाव के चरण पढ़ें :

(i) फ्लानेल के कपड़े से झाड़ें और पोंछे।

(ii) पानी के धब्बों को मिथाइलेटेड स्पिरिट से साफ करें।

इन चरणों से किस वस्तु का रखरखाव होता है?

**सही** विकल्प चुनें :

(A) लैमिनेटेड लकड़ी (B) पेंट की हुई लकड़ी

(C) पॉलिश की हुई लकड़ी (D) सादी लकड़ी



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## OPTIONAL MODULE B / वैकल्पिक मॉड्यूल B
## (Creative Hand Embroidery / रचनात्मक हाथ की कढ़ाई)

**14.** Warm colours : **1**

(A) create a visual impact of reduced size and length.
(B) give a feeling of rest and repose.
(C) have the element of vegetation in them.
(D) are peaceful colours.

गर्म रंग :

(A) इनसे छोटे आकार और लम्बाई का भ्रम होता है।
(B) आराम और शांति का अनुभव कराते हैं।
(C) इनमें वनस्पति तत्व होते हैं।
(D) शांतिदायक रंग होते हैं।

**15.** Which of the following colours create the effect of luxury and richness ? **1**

(A) dark gold (B) pink (C) yellow (D) blue

निम्नलिखित में से कौन सा रंग विलासपूर्ण तथा मूल्यवान का प्रभाव उत्पन्न करता है ?

(A) गहरा सुनहरा (B) गुलाबी (C) पीला (D) नीला

**16.** When choosing a design for embroidery, one should not consider : **1**

(A) sex of the wearer (B) age of the wearer
(C) texture of the fabric (D) financial status of the wearer

कढ़ाई के लिए डिज़ाइन का चुनाव करते समय किस पर ध्यान नहीं देना चाहिए ?

(A) पहनने वाले का लिंग (B) पहनने वाले की आयु
(C) कपड़े का टेक्सचर/बनावट (D) पहनने वाले की वित्तीय स्थिति

**17.** A family has been served chapati, potato curry and curd. Suggest two modification in this meal to meet the nutritional needs of Protein and Iron of a pregnant women. **2**

एक परिवार को रोटी, आलू सब्जी और दही परोसी गई है। इस आहार में एक गर्भवती स्त्री के प्रोटीन और लोह की पौष्टिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए दो परिवर्तन सुझाएँ।

**18.** Write True or False : **2**

(A) ½ cup rice gives same calorie as one chapati.
(B) Mashed banana can be given to a 3 months old baby.
(C) Dietary intake is not influenced by age and gender.
(D) Good meal planning means making nutritious food.

सही या गलत लिखिए :

(A) एक रोटी और ½ कप चावल में एक समान कैलौरी होते हैं।
(B) तीन महीने के शिशु को मसला हुआ केला दिया जा सकता है।
(C) किसी व्यक्ति का आहार, उसकी आयु एवं लिंग से प्रभावित नहीं होता।
(D) अच्छे आहार योजना का अर्थ आहार को पौष्टिक बनाना है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

19. State True or False : 2

(A) Four dishes can be cooked in one time in a solar cooker.

(B) Street lights can be charged by solar energy.

(C) Waste of biogas decreases the yield of crops.

(D) Wind energy can generate electricity in hilly areas.

सही या गलत बताएँ :

(A) सोलर कूकर में एक समय में चार व्यंजन पकाए जा सकते हैं।

(B) स्ट्रीट लाइटों को सौर ऊर्जा द्वारा चार्ज किया जा सकता है।

(C) बायोगैस का अपशिष्ट/गोबर, फसलों की उपज को कम कर देता है।

(D) पर्वतीय इलाकों में पवन ऊर्जा का उपयोग बिजली उत्पादन के लिए किया जा सकता है।

20. Tell four advantages to convince Rohit to invest his money in units (Unit Trust of India). 2

चार लाभ बताकर रोहित को यूनिट (भारतीय यूनिट ट्रस्ट) में निवेश करने के लिए मनाएँ।

21. Indicate whether the following statements are true or false. Give justification for your answer. 2

(A) Three year old children should participate in maximum number of different activities.

(B) Friends are not important in middle childhood.

इंगित करें कि निम्नलिखित कथन सही है अथवा गलत। अपने उत्तर का कारण बताइए।

(A) तीन वर्षीय बच्चों को भिन्न-भिन्न प्रकार की कई गतिविधियों में भाग लेना चाहिए।

(B) मध्य बाल्यावस्था में दोस्त होना आवश्यक नहीं होता।

22. Separate the activities based on fine muscular coordination from the gross muscular co-ordination. 2

(A) Jumping (B) Writing a letter

(C) Colouring a drawing (D) Climbing a tree

सूक्ष्म और स्थूल मांसपेशिय समन्वय के आधार पर इन गतिविधियों को अलग करें।

(A) कूदना (B) चिट्ठी लिखना

(C) चित्र में रंग भरना (D) पेड़ पर चढ़ना



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**23.** Give one word for the following set of words : **2**

(A) Open mesh fabrics with geometrical shape.

(B) Finished edge on each side along the length of fabric.

(C) A yarn that runs along the length of fabric.

(D) Total number of yarns per square inch.

निम्नलिखित शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :

(A) ज्यामितीय आकार वाले छिद्राकार वस्त्र।

(B) कपड़े की लम्बाई के दोनों ओर तैयार की गई किनारियाँ।

(C) ऐसा सूत जो कपड़े के समानान्तर लम्बाई में होते हैं।

(D) वस्त्र के एक वर्ग इंच में सूतों की संख्या।

**24.** Indicate whether the following statements are True or False : **2**

(A) A soap is a mixture of natural fat and wax.

(B) Fabrics washed with syndets become dull after a few washes.

(C) Hydrogen peroxide can be used for silk.

(D) Stains can be bleached by grass and sun.

इंगित करें कि निम्नलिखित कथन सही हैं अथवा गलत :

(A) साबुन प्राकृतिक वसा और मोम का एक मिश्रण है।

(B) सिन्डेट से कुछ धुलाइयों के बाद कपड़े फीके पड़ जाते हैं।

(C) हाइड्रोजन पेरॉक्साईड को रेशमी वस्त्रों के लिए प्रयोग कर सकते हैं।

(D) घास और धूप से धब्बों को ब्लीच किया जा सकता है।

**25.** Give one word for the following statements : **2**

(A) A cleanser produced synthetically from chemicals.

(B) Colourless dyes which are fluorescent compounds used to remove yellowness of fabric.

(C) Separating clothes before washing on the basis of colour.

(D) Cleaning clothes with solvents instead of water.

निम्नलिखित कथन के लिए एक शब्द लिखें।

(A) सफाई सामग्री जो रसायनों को संश्लेषित करके बनायी जाती है।

(B) रंगहीन डाई एक फ्लौरोसेन्ट कम्पाउन्ड है जो वस्त्रों से पीलापन दूर करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

(C) धुलाई के पहले वस्त्रों को रंगों के आधार पर अलग करना।

(D) पानी के स्थान पर विलायक से कपड़ों की सफाई करना।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**26.** Convince your friends to follow the rules and regulations of their office by telling them its two benefits. **2**

दो लाभ बताकर अपने मित्रों को अपने ऑफिस के नियम व कानून को पालन करने के लिए मनाएँ।

**27.** Given below is a list of reagents. Specify their role in stain removal. **2**

| | **Reagent** | **Role in stain removal** |
|---|---|---|
| (A) | Kerosene | |
| (B) | Glycerine | |
| (C) | Methylated Spirit | |
| (D) | Borax | |

निम्नलिखित एक रीएजेंट की सूची है। दाग-धब्बों को छुड़ाने में उनकी भूमिका बताएँ।

| | **रीएजेंट** | **धब्बे छुड़ाने की भूमिका** |
|---|---|---|
| (A) | मिट्टी का तेल | |
| (B) | ग्लिसरीन | |
| (C) | मिथाइलेटेड स्पिरिट | |
| (D) | बोरेक्स | |

## OPTIONAL MODULE A / वैकल्पिक मॉड्यूल A

## (Housekeeping / गृह व्यवस्था)

**28.** Match **Column A** with **Column B**. **2**

| | **Column A** | | **Column B** |
|---|---|---|---|
| (a) | Acid | (i) | Baking soda |
| (b) | Alkali | (ii) | Vinegar |
| (c) | Solvent | (iii) | Sodium bisulphite |
| (d) | Bleach | (iv) | Methylated spirit |

**कॉलम अ** को **कॉलम ब** के साथ मॅच करें।

| | **कॉलम अ** | | **कॉलम ब** |
|---|---|---|---|
| (a) | अम्ल | (i) | बेकिंग सोडा |
| (b) | क्षार | (ii) | सिरका |
| (c) | विलायक | (iii) | सोडियम बाइसल्फाइट |
| (d) | विरंजक | (iv) | मिथाइलेटेड स्पिरिट |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## OPTIONAL MODULE B / वैकल्पिक मॉड्यूल B

## (Creative Hand Embroidery / रचनात्मक हाथ की कढ़ाई)

**28.** State whether the following statements are True or False : **2**

(A) Repeating motif at intervals over a surface is called pattern.

(B) A graph paper is required to enlarge a design.

(C) When a design loses its natural form it is called geometric design.

(D) Lightness or darkness of the colour is called intensity.

इंगित करें कि निम्नलिखित कथन सही हैं अथवा गलत :

(A) जब किसी सतह पर मोटिफ को अंतराल पर दोहराया जाता है, उसे पैटर्न कहते हैं।

(B) डिज़ाइन को बढ़ाने के लिए ग्राफ पेपर की जरूरत पड़ती है।

(C) जब डिज़ाइन प्राकृतिक आकार से अलग हो जाए, तो उसे ज्यामितीय डिज़ाइन कहते हैं।

(D) रंग के तेज या हल्कापन को इंटेन्सिटी कहते हैं।

## SECTION - B / खण्ड - B

**29.** Satnam is a clerk at the railway ticket counter. He mostly arrives late. Which two inconveniences are faced by the public by his habit ? **2**

सतनाम एक रेलवे टिकट काउंटर पर क्लर्क है। वह अक्सर देर से पहुँचता है। जनता को उसकी इस आदत के कारण किन दो असुविधाओं का सामना पड़ता है ?

**OR/अथवा**

Write any four ethical behaviour of a student.

एक छात्र के कोई चार नीतिगत व्यवहार लिखें।

**30.** Which two principles of preservation are applied in the process of dehydration ? **2**

निर्जलीकरण क्रिया में परिरक्षण के कौन से दो सिद्धान्त लागू किए जाते हैं ?

**OR/अथवा**

Explain the role of salt and oil in preserving pickles.

आचार परिरक्षण में नमक और तेल की भूमिका समझाएँ।

**31.** Write two types for planning meals for a person suffering from constipation. **2**

कब्ज़ से पीड़ित व्यक्ति के लिए आहार आयोजन करने के दो सुझाव लिखें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

32. Describe the method of making sweet lemon pickle at home. 2

घर पर नींबू का मीठा आचार बनाने की प्रक्रिया का वर्णन करें।

**OR/अथवा**

Describe the method of making potato chips at home. What will you do to prevert the chips from becoming black ?

घर पर आलू के चिप्स बनाने की विधि का वर्णन करें। चिप्स को काले होने से बचाने के लिए आप क्या करेंगे ?

33. In which two ways industries and mines cause environment degradation ? 2

कारखाने और खदानें किन दो तरह से वातावरण का निम्नीकरण करते हैं ?

34. What four points will you must check, while buying packaged food. 2

पैकेज्ड खाद्य खरीदते समय आप किन चार बिन्दुओं की जाँच करेंगे ?

35. Your brother does not like milk. Suggest two forms by which milk can be included in his meal. 2

आपके भाई को दूध पीना पसन्द नहीं है। आप उसे किन दो तरह से दूध को उसके आहार में सम्मिलित करेंगे ?

**OPTIONAL MODULE A / वैकल्पिक मॉड्यूल A**

**(Housekeeping / गृह व्यवस्था)**

36. Give two suggestions for arranging flowers in a Vase. 2

फूलदान में पुष्पसज्जा करने के दो सुझाव दें।

37. What could be two reasons for your fan to have stopped working ? 2

आपके पंखे के न चलने के दो कारण क्या हो सकते हैं ?

**OPTIONAL MODULE B / वैकल्पिक मॉड्यूल B**

**(Creative Hand Embroidery / रचनात्मक हाथ की कढ़ाई)**

36. You have to embroider a school bag. Which four qualities will you need since it will carry weight ? 2

आपको एक स्कूल के लिए बस्ते (बेग) के लिए कढ़ाई करनी है। उसमें वजन उठाने के लिए कौन से चार गुण सुनिश्चित करने होंगें ?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

37. How will you finish a table cover after doing its embroidery ? 2

मेज के कवर पर कढ़ाई करने के पश्चात् आप उसकी परिसज्जा कैसे करेंगे ?

38. Suggest three preventive measures that can be adopted to stop anyone from developing delinquent behaviour. 3

किसी में बाल-अपराध के विकास का निवारण करने के तीन सुधारात्मक उपायों के सुझाव दें।

**OR/अथवा**

How can a family ensure that the girls in the family are not discriminated ? Suggest three points.

परिवार किन तरीकों से यह निश्चित कर सकता है कि परिवार की लड़कियों के साथ परिवार में कोई भेदभाव न हो ? तीन बिंदु लिखें।

39. Give two Suggestions each for buying the following : 3

(A) frock for a baby

(B) pyjama for an old man

(C) shirt for an office

निम्नलिखित खरीदते समय आप किस दो बात का ध्यान रखेंगे ?

(A) शिशु की फ्रॉक

(B) प्रौढ़ पुरुष का पायजामा

(C) ऑफिस के लिए कमीज

**OR/अथवा**

How does the length of the fibre influence your selection of clothing ?

तन्तु की लम्बाई किस प्रकार हमारे कपड़ों के चयन को प्रभावित करती है ?

40. Enlist any three points you will keep in mind while buying clothes for an adolescent girl. 3

किशोरियों के लिए वस्त्र खरीदते समय आप किन तीन बिन्दुओं को ध्यान में रखेंगे।

**OPTIONAL MODULE A / वैकल्पिक मॉड्यूल A**

**(Housekeeping / गृह व्यवस्था)**

41. What three points should be kept in mind when making a rangoli ? 3

रंगोली बनाते समय किन तीन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## OPTIONAL MODULE B / वैकल्पिक मॉड्यूल B

## (Creative Hand Embroidery / रचनात्मक हाथ की कढ़ाई)

**41.** How are tertiary colours different from mono chromatic colours. Give an example each. **3**

तृतीयक रंग मोनोक्रोमेटिक से कैसे भिन्न होते हैं? एक-एक उदाहरण दीजिये।

**42.** Elaborate any five problems of adolescents. **5**

किशोरों की कोई पाँच समस्याओं का विस्तार में वर्णन करें।

**OR/अथवा**

Briefly explain how both, early and late maturation in girls, effects their personality.

शीघ्र और देर से हुई परिपक्वता का किशोरियों के व्यक्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ता है? संक्षेप में उल्लेख कीजिये।

**43.** What are your rights as a consumer ? Briefly explain any five. **5**

एक उपभोक्ता के रूप में आपके अधिकार क्या हैं? किन्हीं पाँच का संक्षेप में वर्णन करें।

**OR/अथवा**

As a consumer, what are your responsibilities ? Write any five.

एक उपभोक्ता के नाते आपकी कौन से कर्त्तव्य हैं? कोई पाँच लिखिए।

**- o O o -**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279